# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :– सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)**

**राजस्व प्रकरण संख्या :– 112/2025** **जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2025/223**
**दायर दिनांक :– 23.05.2025** **निर्णय दिनांक :– 18.09.2025**

1. मोहनराम पुत्र खमूराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी

**–प्रार्थी**

**बनाम**

1. अर्जुनराम पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
2. कंवरलाल पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
3. बाबूराम पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
4. भजनाराम पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
5. भागीरथराम पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
6. मंगली पत्नी बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
7. मानाराम पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
8. शैतानसिंह पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
9. सुगणी पुत्री बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
10. सहीराम पुत्र बरसींगाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
11. जोधाराम पुत्र फगलूराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
12. बीरबलराम पुत्र फगलूराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
13. भंवरी पत्नी ओमप्रकाश जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
14. दानाराम पुत्र हड़मानराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
15. फरसाराम पुत्र हड़मानराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
16. मनोहरराम पुत्र हड़मानराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
17. हड़मानराम पुत्र धनाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
18. हीराराम पुत्र हड़मानराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
19. ऐलची पुत्री रामलाल जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
20. कमला पत्नी बीरबलराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
21. किशनाराम पुत्र बगडाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
22. गिरधारीराम पुत्र चेनाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
23. जगदीश पुत्र बगडाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
24. जीवणराम पुत्र चेनाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
25. दुर्गा पत्नी जगदीश जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी

18/9/25

26. धर्मेन्द्र पुत्र हीराराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
27. धाई पत्नी बगडुराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
28. नैनी पत्नी किसनाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
29. नारायण पुत्र रामलाल जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
30. परमा पत्नी राजाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
31. बगडाराम पुत्र अन्नाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
32. बीरबलराम पुत्र बगडाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
33. मोहनराम पुत्र चेनाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
34. रमकु पुत्री रामलाल जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
35. राजाराम पुत्र रामलाल जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
36. लाछी पत्नी चेनाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
37. श्यामसुंदर पुत्र हीराराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
38. सुभाषचंद पुत्र हीराराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
39. सरस्वती पत्नी गिरधारीराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
40. हनुमानराम पुत्र रामलाल जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
41. ओमप्रकाश पुत्र गणपतराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
42. करनाराम पुत्र गणपतराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
43. गणपतराम पुत्र भीयाराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
44. पेमाराम पुत्र गणपतराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
45. भूराराम पुत्र गणपतराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
46. मनोहरलाल पुत्र गणपतराम जाति विश्नोई निवासी मण्डोर तहसील बाप जिला फलोदी
47. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी

**—अप्रार्थीगण**

**<u>राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम</u>**

**उपस्थित :—1.** श्री राजेन्द्रसिंह सोंलकी अधिवक्ता प्रार्थी
2. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप

**<u>—:: निर्णय ::—</u>**

प्रार्थी नें राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थी की खातेदारी अधिकारों की कब्जा काश्त की भूमि खेत 45 रकबा 9.6477 हैक्टेयर ग्राम मण्डोर पटवार कल्याणसिंह की सिड तहसील बाप जिला फलोदी (राज.) की सरहद में स्थित है। जमाबन्दी व राजस्व भू—नक्शा की वर्तमान प्रतिलिपि संलग्न प्रार्थना पत्र पेश है। उक्त खसरा के पैमाईश आवेदन पर तहसीलदार बाप द्वारा दिनांक 11.12.2024

A 12/7/25

को जारी आदेश क्रम संख्या 273 की पालना में दिनांक 08.02.2025 को हल्का पटवारी द्वारा मौके पर पहुंच कर मुस्तकिल बिन्दु से पैमाईश कर मौका पर ही फर्द पैमाईश तैयार कर मौतबीरान के रूबरू प्रार्थी तथा पड़ौसी खातेदारान को सीमा ज्ञान करवाया गया तथा सीमा चिह्न कायम किये गये। दिनांक 08.02.2025 को हल्का पटवारी द्वारा प्रार्थी के उक्त खसरे की पैमाईश कर कायम किये गये सीमा चिन्हो (फर्द नजरी नक्शा) के अनुसार प्रार्थी द्वारा वर्षा ऋतु के मध्यनजर अपने उक्त खसरे की सीमाओं पर फसल, घास, पाला आदि की सुरक्षा के लिए पत्थर की पट्टियां रोपकर बाड़, तारबन्दी इत्यादि करना शुरू करने पर अप्रार्थीगण सं. 1 ता 46 द्वारा व्यवधान पैदाकर कर प्रार्थी को तारबंदी नहीं करने दे रहे है। प्रार्थी की उक्त भूमि की बाड़, तारबंदी नहीं हो पाने से प्रार्थी अपनी फसल, घास, पाला इत्यादि की सुरक्षा पत्थर की पट्टिया रोपकर तारबंदी, जाली नहीं कर पाने से प्रार्थी को अत्यधिक आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रार्थी अपनी उक्त भूमि की मौका फर्द दिनांक 08.02.2025 के माफिक सीमा पर पत्थरगढी करवाने का कानूनन अधिकारी है, जिसका यह प्रार्थना पत्र पत्थरगढी करवाने का पेश है।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गयी ओर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये रजिस्टर्ड डाक के नोटिस से तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 47 पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप ने जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 ता 16 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही की गई। पत्रावली बहस में रखी गई।

अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम मण्डोर पटवार कल्याणसिंह की सिड तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 45 रकबा 9.6477 हैक्टेयर स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थी का कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थी द्वारा की जा रही काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिससे प्रार्थी को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये उक्त भूमि पैमाईश फर्द दिनांक 08.02.2025 अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमावे।

अधिवक्ता प्रार्थी एवं पैरोकार सरकार की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जमाबन्दी, नक्सा ट्रेस एवं मौका फर्द, अप्रार्थीगण के जवाब प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया। वादग्रस्त भूमि ग्राम मण्डोर पटवार कल्याणसिंह की सिड तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 45 रकबा 9.6477 हैक्टेयर स्थित है। प्रार्थी वादग्रस्त भूमि का खातेदार है रेकर्डेड खातेदार को अपनी खातेदारी भूमि की पत्थर गढी करवाने का पूर्ण अधिकार है। इसलिए पैमाइस फर्द दिनांक 08.02.2025 अनुसार पत्थरगढी करवाने का हकदार है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दस्तावेजात से साबित होने के कारण स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

A 18/7/25

## आदेश

प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है कि ग्राम मण्डोर पटवार कल्याणसिंह की सिड तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 45 रकबा 9.6477 हैक्टेयर भूमि की पत्थर गड्ढी पैमाईश फर्द दिनांक 08.02.2025 अनुसार पड़ोसी खातेदारों को सूचित करते हुवे किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थी द्वारा नियमानुसार शुल्क अदा किये जाने पर तहसीलदार बाप उक्त आदेश की पालना में विधिवत पत्थर गडढी करवावे। अगर आवश्यकता हो तो शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर, दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 18.09.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

18/9/25

(सुखाराम पिण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)